lR;eo t;r

jktLFkku jkt&i=k
fo'k"kkd

RAJASTHAN GAZETTE
Extraordinary

lkf/kdkj i|dkf'kr

Published by Authority

फाल्गुन 18, शुक्रवार, शाके 1928 – मार्च 9, 2007
Phalguna 18, Friday, Saka 1928 - March 9, 2007

भाग 4 (ग)
उप–खण्ड (**II**)

राज्य सरकार तथा अन्य राज्य प्राधिकारियों द्वारा जारी किये गये कानूनी आदेश तथा अधिसूचनाएं।

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना

जयपुर, 9 मार्च, 2007

एस.ओ.371.–राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2003 (2003 का राजस्थान अधिनियम सं.4) की धारा 8 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा उक्त अधिनियम से संलग्न अनुसूची 1 में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् :–

संशोधन

उक्त अधिनियम से संलग्न अनुसूची 1 में,–

(1) क्र.सं. 1 के सामने स्तम्भ सं. 2 में विद्यमान प्रविष्टि ''29. स्प्रेयर'' के स्थान पर प्रविष्टि ''29. स्प्रेयर और उनके पुर्जे व उप साधन'' प्रतिस्थापित की जायेगी;

(2) विद्यमान क्र.सं. 60 क और उसकी प्रविष्टियां हटायी जायेंगी;

(3) विद्यमान क्र.सं. 77 और उसकी प्रविष्टयों के पश्चात् निम्नलिखित नये क्र.सं. और उनकी प्रविष्टयां जोड़ी जायेंगी, अर्थात्ः–

''

78	रतनजोत	
79	क्रूड बायो–डीजल और 100 प्रतिशत बायो डीजल (बी 100)	
80	हेलमेट	
81	बिना सिली हुई चद्दर	
82	वूवन लेबल टेप, इलास्टिक नायलोन/फैब्रिक टेप और लैस	

''

[एफ.12(28)वित्त/कर/2007–135**]**
राज्यपाल के आदेश से,

(अरूण गुप्ता)
उप शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, 9 मार्च, 2007

एस.ओ.372.-राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2003 (2003 का राजस्थान अधिनियम सं. 4) की धारा 8 की उप-धारा (3-क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, उक्त अधिनियम से संलग्न अनुसूची-2 में इसके द्वारा निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात्:-

संशोधन

उक्त अधिनियम से संलग्न अनुसूची-2 में,

1. क्र. सं. 16 के सामने स्तंभ सं. 2 में, विद्यमान प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टियां प्रतिस्थापित की जायेंगी, अर्थात्:-

''उपयोग में लिए गये मोटरयानों में व्यवहार करने वाले रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी।''

2. विद्यमान क्र. सं. 18 और उसकी प्रविष्टियों के पश्चात्, निम्नलिखित नयी क्र.सं. और उनकी प्रविष्टियां जोड़ी जायेंगी, अर्थात्:-

19.	स्व-सहायता समूह।
20.	एस्बेस्टास सीमेंट चद्दरों और ईंटों के विनिर्माता।

[एफ.12(28)वित्त/कर/2007-136]
राज्यपाल के आदेश से,

(अरूण गुप्ता)
उप शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, 9 मार्च, 2007

एस.ओ.373.-राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2003 (2003 का राजस्थान अधिनियम सं. 4) की धारा 8 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा उक्त अधिनियम से संलग्न अनुसूची 3 में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् :-

संशोधन

उक्त अधिनियम से संलग्न अनुसूची 3 में,

(1) क्र.सं. 2 के सामने स्तम्भ सं. 2 में विद्यमान अभिव्यक्ति ''हीरा'' के पश्चात् अभिव्यक्ति '', सोने या चांदी का वर्क'' जोड़ी जायेगी; और

(2) क्र.सं. 4 के सामने स्तम्भ सं. 4 में विद्यमान अभिव्यक्ति ''31.3.2007 तक'' के स्थान पर अभिव्यक्ति ''31.3.2008 तक'' प्रतिस्थापित की जायेगी।

[एफ.12(28)वित्त/कर/2007-137]
राज्यपाल के आदेश से,

(अरूण गुप्ता)
उप शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, 9 मार्च, 2007

एस.ओ.374.-राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2003 (2003 का राजस्थान अधिनियम सं. 4) की धारा 4 की उप-धारा (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा उक्त अधिनियम से संलग्न अनुसूची 4 में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् :-

संशोधन

उक्त अधिनियम से संलग्न अनुसूची 4 के भाग-ख में,-

(i) क्र.सं. 221 के सामने स्तम्भ सं. 2 में विद्यमान प्रविष्टियों के स्थान पर प्रविष्टियां ''अवघर्षक और एमरी स्टोन कुरुन्द पत्थर'' प्रतिस्थापित की जायेगी; और

(ii) विद्यमान क्र.सं. 267 और उसकी प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित नयी क्र.सं. और उसकी प्रविष्टियां जोड़ी जायेंगी; अर्थात् :-

"

268.	इस अनुसूची में या किसी अन्य अनुसूची में अन्यत्र विनिर्दिष्ट नहीं किये गये रसायन	4
269.	जिलेटिन और जिलेटिन केप्सूल	4
270.	टोल्यूईन, ओ-जाइलीन और मिक्स जाइलीन	4
271.	पापड़-खार	4

"

[एफ.12(28)वित्त/कर/2007-138]
राज्यपाल के आदेश से,

(अरूण गुप्ता)
उप शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, 9 मार्च, 2007

एस.ओ.375.-राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2003 (2003 का राजस्थान अधिनियम सं. 4) की धारा 8 की उप-धारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का

प्रयोग करते हुए और इस विभाग की अधिसूचना सं. एफ.12(63)एफडी/टैक्स/2005-97 दिनांक 11.10.2006 को अतिष्ठित करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, उपयोग में लाये गये मोटर यान का कारबार करने वाले रजिस्ट्रीकृत व्यवहारियों को इसके नीचे वर्णित सीमा तक और शर्तों के अध्यधीन रहते हुए इसके द्वारा कर के संदाय से छूट प्रदान करती है, अर्थात्:-

(1) कि उपयोग में लाये गये मोटर यान के क्रय मूल्य और विक्रय मूल्य में अन्तर की रकम पर 4 प्रतिशत की दर से कर संदत्त किया जायेगा;

(2) कि ऐसे माल के क्रय के संबंध में व्यवहारी द्वारा कोई आगत कर मुजरे का दावा नहीं किया जायेगा, जिसका उपयोग, उपयोग में लाये गये मोटर यान में किया गया है; और

(3) कि ऐसा उपयोग में लाया गया मोटर यान आरंभ में राज्य के रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी से क्रय किया गया था और उसके विक्रय के पूर्व मोटर यान अधिनियम, 1988 (1988 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 59) के उपबंधों के अधीन राज्य में रजिस्ट्रीकृत था।

[एफ.12(28)वित्त/कर/2007-139]

राज्यपाल के आदेश से,

(अरूण गुप्ता)
उप शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना

जयपुर, 9 मार्च, 2007

एस.ओ.376.-राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2003 (2003 का राजस्थान अधिनियम सं. 4) की धारा 8 की उप-धारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, स्व-सहायता समूहों द्वारा विनिर्मित और विक्रीत हस्त निर्मित माल को निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन कर के संदाय से इसके द्वारा छूट देती है, अर्थात्:-

(1) कि ऐसा स्व-सहायता समूह महिला और बाल विकास विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा इस रूप में प्रमाणित हो; और

(2) कि आगत कर मुजरा का कोई दावा ऐसे व्यवहारियों द्वारा उपर्युक्त माल के विनिर्माण के लिए प्रयुक्त कच्ची साम्रगी के क्रय के संबंध में नहीं किया जायेगा।

[एफ.12(28)वित्त/कर/2007-140]

राज्यपाल के आदेश से,

(अरूण गुप्ता)
उप शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना

जयपुर, 9 मार्च, 2007

एस.ओ.377.-राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2003 (2003 का राजस्थान अधिनियम सं. 4) की धारा 8 की उप-धारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का

प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, राज्य में विनिर्मित ऐसी एस्बेस्टस सीमेण्ट चद्दरों और ईंटों, जिनकी अन्तर्वस्तु के वजन में 25 प्रतिशत या अधिक फ्लाई ऐश हो, के विक्रय को निम्नलिखित शर्तों पर कर के संदाय से इसके द्वारा छूट देती है, अर्थात्:-

(i) माल की प्रविष्टि विक्रेता व्यवहारी के रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र में की जायेगी;
(ii) छूट, उस व्यवहारी द्वारा विनिर्मित ऐसे माल के लिए होगी जिसने दिनांक 31.12.2006 तक राज्य में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ कर दिया हो; और
(iii) छूट दिनांक 23.01.2010 तक उपलब्ध होगी।

[एफ.12(28)वित्त/कर/2007-141]
राज्यपाल के आदेश से,

(अरूण गुप्ता)
उप शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, 9 मार्च, 2007

एस.ओ.378.-राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2003 (2003 का राजस्थान अधिनियम सं. 4) की धारा 8 की उप-धारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, उक्त अधिनियम और साथ ही खादी और ग्रामोद्योग आयोग अधिनियम, 1956 के अधीन गठित खादी और ग्रामोद्योग आयोग या राजस्थान खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड अधिनियम, 1955 के अधीन गठित राजस्थान खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड, के अधीन रजिस्ट्रीकृत संस्थान, सहकारी सोसाइटी और व्यष्टियों, जिनके पक्ष में 1 अप्रैल, 2006 के पूर्व ऐसा करने के लिए सक्षम प्राधिकारियों द्वारा प्रमाणपत्र जारी कर दिया गया है, द्वारा विनिर्मित साबुन, ईंट, कोटा स्टोन, मार्बल और बलुआ पत्थर को छोड़कर उत्पादों के विक्रय को निम्नलिखित शर्तों पर कर के संदाय से इसके द्वारा छूट देती है:-

(1) कि ऐसी छूट व्यष्टियों के लिए तीस लाख रुपये और अन्य के लिए एक करोड़ रुपये के उनके वार्षिक सकल पण्यावर्त (उपर्युक्त उल्लिखित माल के पण्यावर्त को छोडकर) पर ही उपलब्ध होगी;

(2) कि आगत कर मुजरा का कोई दावा ऐसे व्यवहारियों द्वारा उपर्युक्त छूट प्राप्त माल के विनिर्माण के लिए प्रयुक्त कच्ची सामग्री के क्रय के संबंध में नहीं किया जायेगा;

(3) कि इस अधिसूचना के प्रकाशन तक व्यवहारी द्वारा संगृहीत कर निक्षिप्त कराया जायेगा और यदि निक्षिप्त किया जाता है तो उसका प्रतिदाय नहीं किया जायेगा।

यह अधिसूचना 1 अप्रैल, 2006 से प्रवृत्त हुई समझी जायेगी और 31.03.2008 तक प्रभावी रहेगी।

[एफ.12(28)वित्त/कर/2007-142]
राज्यपाल के आदेश से,

(अरूण गुप्ता)
उप शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, 9 मार्च, 2007

एस.ओ.379.-राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2003 (2003 का राजस्थान अधिनियम सं. 4) की धारा 8 की उप-धारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इस विभाग की (समय-समय पर यथा संशोधित) अधिसूचना सं. एफ. 12(63)एफडी/टैक्स/2005-12, दिनांक 15.04.2006 में इसके द्वारा निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात्:-

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, शर्त सं.2(क) में, विद्यमान अभिव्यक्ति ''31.03.2007 तक'' के स्थान पर अभिव्यक्ति ''31.03.2008 तक'' प्रतिस्थापित की जायेगी।

[एफ.12(28)वित्त/कर/2007-143]
राज्यपाल के आदेश से,

(अरूण गुप्ता)
उप शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, 9 मार्च, 2007

एस.ओ.380.-राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2003 (2003 का राजस्थान अधिनियम सं. 4) की धारा 8 की उप-धारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इस विभाग की अधिसूचना सं. एफ.12(63)एफडी/टैक्स/2005-80 दिनांक 11.8.2006 में, इसके द्वारा निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् :-

संशोधन

उक्त अधिसूचना से संलग्न प्ररुप डब्ल्यू.टी.-1 में,-

(i) टिप्पण सं. 1 में, विद्यमान अभिव्यक्ति ''पृथक संकर्म संविदा'', के पूर्व अभिव्यक्ति ''रंगाई, छपाई, प्रसंस्करण और समान क्रियाकलापों से संबंधित संकर्म संविदा की दशा में के सिवाय'' जोड़ी जायेगी; और

(ii) विद्यमान टिप्पण सं. 2 के पश्चात्, निम्नलिखित नया टिप्पण सं. 3 जोड़ा जायेगा, अर्थात् :-

''3. रंगाई, छपाई, प्रसंस्करण और ऐसे ही क्रियाकलापों से संबंधित संकर्म संविदा की दशा में, संविदाकार वर्ष का प्रारंभ होने या रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी होने या इस अधिसूचना के जारी होने, इनमें से जो भी बाद में हो, आवेदन की तारीख तक क्र.सं. 10 से संबंधित जानकारी के साथ आवेदन 30 दिन के भीतर प्रस्तुत करेगा। विवरणी की कालावधि के दौरान निष्पादित समस्त संविदाओं की जानकारी भी विवरणी के साथ प्रस्तुत की जायेगी।''

[एफ.12(28)वित्त/कर/2007-144]
राज्यपाल के आदेश से,

(अरूण गुप्ता)
उप शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, 9 मार्च, 2007

एस.ओ.381.-राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2003 (2003 का राजस्थान अधिनियम सं. 4) की धारा 5 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, ''पेट्रोलियम कम्पनियों के खुदरा आउटलेट रखने वाले रजिस्ट्रीकृत व्यवहारियों के लिए प्रशमन स्कीम'' (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'स्कीम' निर्दिष्ट किया गया है) इसके द्वारा अधिसूचित करती है और ऐसे व्यवहारियों को राज्य के भीतर स्नेहक तेल, पीला कपड़ा और फैन बेल्ट के उनके विक्रयों के संबंध में नीचे विनिर्दिष्ट की गयी शर्तों के अध्यधीन रहते हुए प्रशमन रकम का संदाय करने पर उनके कर दायित्व के बदले प्रशमन रकम का विकल्प देने के लिए अनुज्ञात करती है, अर्थात्:-

1. प्रारम्भ की तारीख.- यह स्कीम 1 अप्रैल, 2006 से प्रवृत्त हुई समझी जायेगी।
2. लागू होना.-

2.01 यह स्कीम किसी पेट्रोलियम कम्पनी का खुदरा आउटलेट रखने वाले रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी पर लागू होगी।

2.02 यह स्कीम तब ही लागू होगी जब विकल्प देने वाला व्यवहारी इस स्कीम के अधीन आने वाले कराधेय माल के क्रय राज्य के किसी रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी से करता है।

3. प्रशमन रकम.-

व्यवहारी द्वारा कर के बदले प्रतिवर्ष संदत्त की जाने वाली रकम सुसंगत वर्ष में इस स्कीम के अधीन आने वाले माल के पण्यावर्त के संबंध में प्रत्येक 10,000/- रुपये या उसके भाग के लिए 100/- रुपये होगी।

4. प्रशमन रकम के संदाय की रीति.-

4.01 प्रशमन रकम चार त्रैमासिक किस्तों में संदत्त की जायेगी। पहले, दूसरे, तीसरे और चौथे त्रिमास के लिए, प्रत्येक त्रिमास के लिए किस्त, सुसंगत त्रिमास के ठीक उत्तरवर्ती मास के 7वें दिन अर्थात् क्रमशः 7 जुलाई, 7 अक्टूबर, 7 जनवरी और 7 अप्रैल को संदत्त की जायेगी। सम्पूर्ण वर्ष के वास्तविक पण्यावर्त के अनुसार अन्तर, यदि कोई हो, संगणित किया जायेगा और प्रशमन रकम का अतिशेष, यदि कोई हो, ठीक उत्तरवर्ती वर्ष की 30 अप्रैल तक जमा कराया जायेगा।

4.02 वर्ष 2006-07 के लिए पहले से देय प्रशमन रकम की किस्त, और इस स्कीम के जारी होने के पूर्व संगृहीत और प्रभारित कर इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन के 30 दिन के भीतर-भीतर जमा करायी जायेगी। शेष त्रैमासिक किस्तें व्यवहारी द्वारा स्कीम के अनुसार संदत्त की जायेंगी।

4.03 जहां कोई व्यवहारी वित्तीय वर्ष के दौरान नया कारबार प्रारम्भ करता है वहां पहले से देय प्रशमन रकम की किस्त जमा करायी जायेगी और उसका सबूत स्कीम के अधीन विकल्प का प्रयोग करने के लिए आवेदन के साथ संलग्न किया जायेगा।

5. प्रशमन प्रमाणपत्र.-

5.01 इस स्कीम का विकल्प देने वाला व्यवहारी सादे कागज पर आवेदन, जिसमें नाम, पता, प्रास्थिति, रजिस्ट्रीकरण संख्यांक, स्कीम के अधीन आने वाले माल के सकल वार्षिक पण्यावर्त और उनके संबंध में ठीक पूववर्ती वर्ष में संदत्त कर, यदि कोई है, और ऐसी अन्य सूचना जो इस स्कीम के क्रियान्वयन के लिए सुसंगत हो, का उल्लेख करते हुए वर्ष का प्रारंभ होने के तीस दिन के भीतर-भीतर या रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी होने के तीस दिन के भीतर-भीतर, जो भी पश्चात्वर्ती हो, अपने निर्धारण प्राधिकारी को प्रस्तुत करेगा। तथापि, वर्ष 2006-2007 के लिए ऐसा आवेदन इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से तीस दिन के भीतर-भीतर प्रस्तुत किया जा सकेगा।

5.02 आवेदन प्राप्त होने पर, निर्धारण प्राधिकारी इस अधिसूचना से संलग्न प्ररूप पे. स्की.-2006 में प्रशमन प्रमाणपत्र जारी करेगा। प्रशमन प्रमाणपत्र प्रारम्भ में एक वर्ष के लिए विधिमान्य होगा।

5.03 जहां कोई व्यवहारी नियत कालावधि के भीतर-भीतर स्कीम के लिए विकल्प देने में असफल हो जाता है वहां उसे निम्नलिखित शर्तें पूरी करने पर स्कीम के फायदे लेने के लिए अनुज्ञात किया जायेगा, अर्थात्:-

(i) वह स्कीम के अधीन देय सम्पूर्ण रकम, उस पर ब्याज सहित, उक्त अधिनियम के अधीन अधिसूचित दर पर जमा करायेगा;

(ii) जहां वह नियत तारीख के तीन मास के भीतर-भीतर इस विकल्प का प्रयोग कर लेता है वहां स्कीम के अधीन जमा कराने के लिए अपेक्षित देय प्रशमन रकम के पच्चीस प्रतिशत रकम की विलम्ब फीस भी जमा करायेगा, तत्पश्चात् वह स्कीम के अधीन फायदों के लिए पात्र नहीं होगा; और

(iii) वह स्कीम के अधीन आवेदन करने के पूर्व प्रभारित या संगृहीत कर, यदि कोई हो, की सम्पूर्ण रकम राज्य सरकार को जमा करायेगा।

5.04 जहां कोई व्यवहारी स्कीम के अधीन विनिर्दिष्ट कालावधि में प्रशमन रकम जमा कराने में असफल हो गया है वहां उसे निम्नलिखित शर्तें पूरी करने पर स्कीम के फायदे लेना जारी रखने के लिए अनुज्ञात किया जायेगा, अर्थात्:-

(i) वह ऐसी संपूर्ण रकम को, जो स्कीम के अधीन देय हो गयी है, उक्त अधिनियम के अधीन अधिसूचित दर पर ब्याज सहित जमा करायेगा;

(ii) वह विलम्ब फीस भी जमा करेगा जो स्कीम के अधीन जमा किये जाने के लिए अपेक्षित देय प्रशमन रकम की पच्चीस प्रतिशत की रकम होगी, जहां वह देय तारीख के तीन मास के भीतर देय किस्तें जमा करता है और यह विलम्ब फीस, देय रकम की पचास प्रतिशत होगी जहां वह, देय किस्तें तीन मास की उपर्युक्त कालावधि के पश्चात् किन्तु युसंगत वित्तीय वर्ष की 31 मार्च के पूर्व जमा करता है और इसके पश्चात् इस स्कीम के अधीन वह फायदों के लिए पात्र नहीं होगा।

6. प्रशमन प्रमाणपत्र का प्रतिवर्ष नवीकरण प्रशमन कालावधि की समाप्ति के तीस दिन पूर्व सादे कागज पर निर्धारण प्राधिकारी को आवेदन प्रस्तुत करके किया जा सकेगा। आवेदन के साथ ठीक पूर्ववर्ती वर्ष में के पण्यवर्त और प्रशमन रकम की जमा के ब्यौरा के साथ प्रशमन प्रमाणपत्र, संलग्न किया जायेगा।

7. व्यवहारी सुसंगत वर्ष की समाप्ति के साठ दिन के भीतर प्रशमन रकम के संदाय के समर्थन में चालानों की प्रति सहित स्कीम के अंतर्गत आने वाले समस्त प्रकार के माल का वार्षिक ब्यौरा फाइल करेगा।

8.0 शर्तें :

8.1 स्कीम के यथा-उपबंधित के सिवाय, स्कीम के अधीन कर के प्रशमन का विकल्प देने वाला व्यवहारी, राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2003 और उसके अधीन बनाये गये नियमों के उपबंधों के अव्यधीन होगा।

8.2 व्यवहारी प्रशमन कालावधि के दौरान माल के विक्रय पर क्रेता से कर का प्रभार और संग्रहण नहीं करेगा, तथापि, स्कीम का विकल्प देने के पूर्व व्यवहारी द्वारा प्रभारित या संग्रहीत कर तुरंत जमा कराया जायेगा और पूर्व में जमा कर का प्रतिदाय नहीं किया जायेगा।

8.3 व्यवहारी, उसके द्वारा किये गये क्रयों के संबंध में किसी आगत कर मुजरा या प्रतिदाय का दावा करने का हकदार नहीं होगा।

8.4 यदि कोई व्यवहारी किसी वर्ष के दौरान स्कीम से स्वेच्छा से हट जाता है तो उससे संपूर्ण प्रशमन रकम जमा करने की अपेक्षा की जायेगी यदि वर्ष के लिए पूर्व में तुरंत जमा नहीं की गयी है।

8.5 कोई रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी जो स्कीम के अधीन प्रशमन रकम का संदाय करने का विकल्प देता है, उसके द्वारा स्टाक में के माल के संबंध में आगम कर का मुजरा, यदि कोई हो, का उपभोग किया गया है तो तुरंत प्रतिवर्ती कर दिया जायेगा।

8.6 कोई व्यवहारी, जो स्कीम के अधीन प्रशमन रकम का संदाय करने का विकल्प देता है तो वह ऐसा विकल्प का प्रयोग करने की तारीख को स्टाक में के माल के संबंध में आगत कर मुजरा का दावा करने का हकदार नहीं होगा।

8.7 स्कीम के अधीन प्रशमन रकम और कोई अन्य उद्ग्रहण राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2003 के अधीन भू-राजस्व के बकाया के रूप में वसूलीय होगा।

8.8 जहां प्रशमन कालावधि के दौरान, कोई व्यवहारी स्कीम की किन्हीं शर्तो का अतिक्रमण करता है या कर के अपवंचन में सहायता या का दुष्प्रेरण करता है, वहां निर्धारण प्राधिकारी, सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर प्रदान करने के पश्चात् प्रशमन प्रमाणपत्र को रद्द कर सकता है। यह, ऐसी कार्रवाई, दांडिक या अन्यथा, पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालेगी जिसके लिए व्यवहारी राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2003 और उसके अधीन बनाये गये नियमों के उपबंधों के अधीन दायी होगा।

8.9 राज्य सरकार किसी भी समय स्कीम का पुनर्विलोकन कर सकेगी और स्कीम के किन्हीं या समस्त उपबंधों का, जैसा वह उचित समझे, संशोधन कर सकेगी। ऐसे संशोधन पर, व्यवहारी उसके अनुसार पुनरीक्षित प्रशमन रकम या कोई अन्य उद्ग्रहण का संदाय करेगा।

8.10 राज्य सरकार स्कीम का पुनर्विलोकन कर सकेगी और यह समाधान हो जाने पर कि स्कीम को जारी रखना लोक हित में नहीं है, तो वह स्कीम को तुरंत या ऐसी तारीख से, जो वह अधिसूचित करे, प्रतिसंहृत कर सकेगी।

प्ररूप पे. स्की. 2006
प्रशमन प्रमाणपत्र

''पेट्रोलियम कम्पनियों के खुदरा आउटलेट के लिए प्रशमन स्कीम-2006''

पुस्तक सं. सर्किल :
क्र. सं. वार्ड :

''पेट्रोलियम कम्पनियों के खुदरा आउटलेट के लिए प्रशमन स्कीम-2006'' के अधीन, मैं इसके द्वारा मैसर्स ..... (पता) ..... रजिस्ट्रीकरण सं. (टिन) ..... को उक्त स्कीम के उपबंधों के अनुसार स्नेहक तेल, पीला कपड़ा और फेन बेल्ट के विक्रय पर ..... वर्ष के लिए कर के बदले में प्रशमन रकम जमा कराने की अनुज्ञा देता हूँ।

त्रैमासिक किस्तों का संदाय स्कीम के अनुसार किया जायेगा।

यह प्रमाणपत्र इसके और नवीकरण या रद्दकरण या स्कीम के प्रतिसंहरण के अव्यधीन, प्रारम्भ में एक वर्ष के लिए विधिमान्य होगा।

स्थान : हस्ताक्षर
दिनांक : पदनाम

यह प्रमाणपत्र ..... वर्ष के लिए नवीकृत किया जाता है : 1. ..... रकम .....

निर्धारण प्राधिकारी के हस्ताक्षर
2. ..... रकम .....
निर्धारण प्राधिकारी के हस्ताक्षर

[एफ.12(28)वित्त/कर/2007-145]
राज्यपाल के आदेश से,

(अरूण गुप्ता)
उप शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, 9 मार्च, 2007

एस.ओ.382.-केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956 (1956 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 74) की धारा 8 की उप-धारा (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और इस विभाग की अधिसूचना सं. एफ 4(99)एफडी/गुप-IV/89-38 दिनांक 27.06.1990 को अतिष्ठित करते हुए, राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा यह निदेश देती है कि अन्तरराज्यिक व्यापार या वाणिज्य के अनुक्रम में राज्य में कारबार का स्थान रखने वाले रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी द्वारा किये गये छातों और उनके पुर्जों तथा उपसाधनों के विक्रय के संबंध में उक्त अधिनियम के अधीन कोई भी कर संदेय नहीं होगा।

[एफ.12(28)वित्त/कर/2007-146]
राज्यपाल के आदेश से,

(अरूण गुप्ता)
उप शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, 9 मार्च, 2007

एस.ओ.383.-राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2003 (2003 का राजस्थान अधिनियम सं. 4) की धारा 18 की उप-धारा (1) के खण्ड (ङ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, हाई और लाइट स्पीड डीजल ऑयल को उक्त धारा के प्रयोजन के लिए इसके द्वारा अधिसूचित करती है।

[एफ.12(28)वित्त/कर/2007-147]
राज्यपाल के आदेश से,

(अरूण गुप्ता)
उप शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, 9 मार्च, 2007

एस.ओ.384.-केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956 (1956 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 74) की धारा 9 के साथ पठित राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2003 (2003 का राजस्थान अधिनियम सं. 4) की धारा 20 की उप-धारा (6) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, उन इकाइयों के लिए अधिसूचना सं. एफ.12(63)एफडी/टैक्स/2005-171 दिनांक 31.3.2006

(समय-समय पर यथा-संशोधित) या उद्योगों के लिए विक्रय कर आस्थगन स्कीम, 1987 (रा.वि. कर और के.वि. कर) या उद्योगों के लिए विक्रय की नयी आस्थगन स्कीम, 1989 या उद्योगों के लिए राजस्थान विक्रय कर/केन्द्रीय विक्रय कर आस्थगन स्कीम, 1998 या राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर कर के आस्थगन के प्रतिनिर्देश से जारी की गयी किसी भी अधिसूचना के अधीन कर के आस्थगन का फायदा प्राप्त कर रही है या जिन्होंने फायदा प्राप्त किया है, उपर्युक्त निर्दिष्ट स्कीमों/अधिसूचनाओं में यथा-विनिर्दिष्ट निक्षेप की नियत देय तारीख के पूर्व आस्थगित कर की रकम का निक्षेप करने के लिए निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन उपबंध करती है, अर्थात्:-

1. व्यवहारी उपर्युक्त निर्दिष्ट स्कीमों/अधिसूचनाओं के अधीन जारी विधिमान्य पात्रता प्रमाणपत्र या पात्रता धारण करता है;
2. ऐसा व्यवहारी इस अधिसूचना से उपाबद्ध सारणी में यथादर्शित ऐसी रकम का संदाय करके किसी कालावधि के संबंध में आस्थगित कर दायित्व को पूरा करने का विकल्प देता है;
3. ऐसा व्यवहारी आयुक्त, वाणिज्यिक कर को वह रकम जमा करने के सबूत के साथ इस आशय का आवेदन करता है;
4. आयुक्त, वाणिज्यिक कर द्वारा आवेदन के अनुमोदन/स्वीकार कर लिये जाने के पश्चात् व्यवहारी का दायित्व उन्मोचित हो जाता है;
5. इस अधिसूचना से उपाबद्ध सारणी में यथादर्शित मालों में कालावधि की गणना के लिए केवल पूरे मास पर ही विचार किया जायेगा और उनके किसी भाग को छोड़ दिया जायेगा।

सारणी

वास्तविक संदाय की तारीख और संदाय की बढ़ी हुई तारीख के बीच की मास में कालावधि	व्यवहारी द्वारा संदत्त की जाने वाली रकम का प्रतिशत	वास्तविक संदाय की तारीख और संदाय की बढ़ी हुई तारीख की मास में कालावधि	व्यवहारी द्वारा संदत्त की जाने वाली रकम का प्रतिशत
1	99.25558	22	85.34244
2	98.52217	23	84.75115
3	97.79951	24	84.168
4	97.08738	25	83.54144
5	96.38554	26	82.92414
6	95.69378	27	82.31589
7	95.01188	28	81.7165
8	94.33962	29	81.12578
9	93.67681	30	80.54354
10	93.02326	31	79.9696
11	92.37875	32	79.40377
12	91.74312	33	78.8459
13	91.06017	34	78.29581
14	90.38731	35	77.75335
15	89.72432	36	77.21835
16	89.07099	37	76.64352
17	88.4271	38	76.07719
18	87.79246	39	75.51917
19	87.16686	40	74.96927
20	86.55011	41	74.42732
21	85.94203	42	73.89316

वास्तविक संदाय की तारीख और संदाय की बढ़ी हुई तारीख के बीच की मास में कालावधि	व्यवहारी द्वारा संदत्त की जाने वाली रकम का प्रतिशत	वास्तविक संदाय की तारीख और संदाय की बढ़ी हुई तारीख की मास में कालावधि	व्यवहारी द्वारा संदत्त की जाने वाली रकम का प्रतिशत
43	73.3666	87	53.49968
44	72.8475	88	53.11012
45	72.33569	89	52.72619
46	71.83102	90	52.34777
47	71.33335	91	51.97475
48	70.84252	92	51.607
49	70.31516	93	51.24443
50	69.79559	94	50.88691
51	69.28364	95	50.53434
52	68.77915	96	50.18663
53	68.28195	97	49.81303
54	67.79189	98	49.44495
55	67.30881	99	49.08228
56	66.83257	100	48.72488
57	66.36302	101	48.37265
58	65.90002	102	48.02548
59	65.44344	103	47.68326
60	64.99314	104	47.34588
61	64.50932	105	47.01323
62	64.03265	106	46.68524
63	63.56297	107	46.36178
64	63.10013	108	46.04278
65	62.64399	109	45.70003
66	62.19439	110	45.36234
67	61.7512	111	45.02961
68	61.31428	112	44.70173
69	60.8835	113	44.37858
70	60.45873	114	44.06007
71	60.03985	115	43.74611
72	59.62673	116	43.43658
73	59.18286	117	43.13141
74	58.74555	118	42.83049
75	58.31465	119	42.53374
76	57.89003	120	42.24108
77	57.47155	121	41.92663
78	57.05907	122	41.61683
79	56.65248	123	41.31157
80	56.25163	124	41.01076
81	55.85642	125	40.71429
82	55.46673	126	40.42209
83	55.08243	127	40.13404
84	54.70342	128	39.85008
85	54.2962	129	39.5701
86	53.895	130	39.29403

वास्तविक संदाय की तारीख और संदाय की बढ़ी हुई तारीख के बीच की मास में कालावधि	व्यवहारी द्वारा संदत्त की जाने वाली रकम का प्रतिशत	वास्तविक संदाय की तारीख और संदाय की बढ़ी हुई तारीख की मास में कालावधि	व्यवहारी द्वारा संदत्त की जाने वाली रकम का प्रतिशत
131	39.02178	175	28.43197
132	38.75329	176	28.2308
133	38.4648	177	28.03246
134	38.18058	178	27.83688
135	37.90052	179	27.64402
136	37.62455	180	27.4538
137	37.35256	181	27.24943
138	37.08448	182	27.04808
139	36.82022	183	26.84969
140	36.5597	184	26.65418
141	36.30284	185	26.4615
142	36.04957	186	26.27158
143	35.7998	187	26.08437
144	35.55347	188	25.89982
145	35.28881	189	25.71785
146	35.02805	190	25.53842
147	34.77112	191	25.36148
148	34.51793	192	25.18698
149	34.26841	193	24.99948
150	34.02246	194	24.81475
151	33.78002	195	24.63274
152	33.54101	196	24.45338
153	33.30536	197	24.2766
154	33.073	198	24.10237
155	32.84385	199	23.93062
156	32.61786	200	23.7613
157	32.37505	201	23.59436
158	32.13583	202	23.42975
159	31.90011	203	23.26741
160	31.66783	204	23.10732
161	31.43891	205	22.9353
162	31.21327	206	22.76583
163	30.99085	207	22.59884
164	30.77157	208	22.43429
165	30.55538	209	22.27211
166	30.3422	210	22.11227
167	30.13198	211	21.9547
168	29.92465	212	21.79936
169	29.70188	213	21.6462
170	29.48241	214	21.49518
171	29.26616	215	21.34625
172	29.05305	216	21.19937
173	28.84303	217	21.04156
174	28.63603	218	20.88608

वास्तविक संदाय की तारीख और संदाय की बढ़ी हुई तारीख के बीच की मास में कालावधि	व्यवहारी द्वारा संदत्त की जाने वाली रकम का प्रतिशत	वास्तविक संदाय की तारीख और संदाय की बढ़ी हुई तारीख की मास में कालावधि	व्यवहारी द्वारा संदत्त की जाने वाली रकम का प्रतिशत
219	20.73288	230	19.16154
220	20.58192	231	19.02099
221	20.43313	232	18.88249
222	20.28648	233	18.74599
223	20.14192	234	18.61145
224	19.99941	235	18.47883
225	19.8589	236	18.34808
226	19.72035	237	18.21917
227	19.58372	238	18.09206
228	19.44897	239	17.96671
229	19.30419	240	17.84309

[एफ.12(28)वित्त/कर/2007-148]
राज्यपाल के आदेश से,

(अरूण गुप्ता)
उप शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, 9 मार्च, 2007

एस.ओ.385.-राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2003 (2003 का राजस्थान अधिनियम सं. 4) की धारा 99 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर नियम, 2006 को और संशोधित करने के लिए इसके द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.- (1) इन नियमों का नाम राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर (संशोधन) नियम, 2007 है

(2) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. नियम 19 का संशोधन.- राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर नियम, 2006, जिन्हें इसमें इसके पश्चात् उक्त नियमों के रूप में निर्दिष्ट किया गया है, के नियम 19 में,-

(i) उप-नियम (3) के खण्ड (झ) में अभिव्यक्ति ''यदि उपर्युक्त अपेक्षाओं में से'' के पश्चात् और अभिव्यक्ति ''किसी भी एक अपेक्षा की पूर्ति नहीं की जाती है'' के पूर्व अभिव्यक्ति ''खण्ड (ज) में यथा-उल्लिखित अपेक्षा के सिवाय'' अन्तःस्थापित की जायेगी।

(ii) विद्यमान उप-नियम (3) के पश्चात् और उप-नियम (4) के पूर्व, निम्नलिखित नया उप-नियम (3क) अन्तःस्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

''(3क) व्यवहारी निम्नलिखित भी प्रस्तुत करेगाः-

(i) व्यापार लेखा और विनिर्माता की दशा में चतुर्थ त्रैमासिक विवरणी या, यथास्थिति, वार्षिक विवरणी के साथ व्यापार और विनिर्माण लेखा;

(ii) कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का केन्द्रीय अधिनियम सं.1) के अधीन रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी की दशा में वर्ष की समाप्ति के नौ मास के भीतर और अन्य व्यवहारियों की दशा में छह मास के भीतर लाभ और हानि लेखा।''

3. नियम 21 का संशोधन.- उक्त नियमों के नियम 21 के विद्यमान उप-नियम (1) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

''(1) ऐसा कोई व्यवहारी जो, माल के विक्रय पर संदाय कर के भुगतान से आंशिक या पूर्ण छूट का दावा करता है;

(i) राज्य में किसी अन्य व्यवहारी को माल के विक्रय पर कर के संदाय से भागतः या पूर्णतः छूट का दावा करता है अपनी विवरणी के साथ सुसंगत अधिसूचना/नियम के अधीन दिये जाने के लिए अपेक्षित ऐसा घोषणा प्ररुप/प्रमाणपत्र देगा;

(ii) केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956 (1956 का अधिनियम सं. 74) की धारा 5 की उप-धारा (3) के अर्थान्तर्गत भारत के प्रादेशिक क्षेत्र के बाहर उस निर्यात के अनुक्रम में माल के विक्रय पर कर के संदाय से भागतः या पूर्णतः छूट का दावा करता है अपनी विवरणी के साथ निर्यातक से अभिप्राप्त और उसके द्वारा सम्यक् रूप से भरी हुई और हस्ताक्षरित एक घोषणा प्ररुप मूपक-15 में प्रस्तुत करेगाः

परन्तु आयुक्त यह समाधान होने पर और ऐसा करने का कारण अभिलिखित करने के पश्चात् राजपत्र में अधिसूचना द्वारा एक वर्ष से अनधिक की कालावधि के लिए ऐसे घोषणा प्ररुप/प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने की कालावधि को बढ़ा सकेगाः

परन्तु यह और कि 31 मार्च, 2007 तक संपूरित निर्धारणों के लिए व्यवहारी 30 जून, 2007 तक घोषणा प्ररुप/प्रमाणपत्र प्रस्तुत कर सकेगा।''

4. नियम 22 का संशोधन.- उक्त नियम के नियम 22 में;

(i) उप-नियम (1) के खण्ड (ख) में आयी विद्यमान अभिव्यक्ति ''और'' हटायी जायेगी।

(ii) मालिक द्वारा अभिकर्ता को परेषित माल का विक्रय मूल्य जहां ऐसा विक्रय प्ररुप मूपक 35, मूपक 36 और मूपक 36 क के अन्तर्गत है।

(iii) विद्यमान उप-नियम (2) के पश्चात् और उप-नियम (3) के पूर्व, निम्नलिखित नया उप-नियम (2 क) अन्तः स्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

''(2क) ऐसी संकर्म संविदा की दशा में जहां कोई संकर्म संविदाकार धारा 8 की उप-धारा (3) के अधीन जारी किसी अधिसूचना के अधीन छूट फीस के विकल्प का प्रयोग करता है, ऐसी संविदा को पूर्णतः या भागतः किसी उप-संविदाकार को

अवार्ड करता है वहां उप-संविदाकार के कराधेय पण्यावर्त के अवधारण के दौरान, उप-नियम (1) के अधीन उपबंधित कटौती के अलावा, ऐसी उप-संविदा के निष्पादन में अन्तवर्लित माल में सम्पत्ति के अन्तरण के पण्यावर्त को घटाया जायेगा।''

5. नियम 37 का संशोधन.- उक्त नियमों के नियम 37 में,

(i) विद्यमान उप-नियम (2), (3) और (4) के स्थान पर क्रमशः निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

''(2) जहां मालिक उप-नियम (1) के अधीन अपने कमीशन अभिकर्ता को विक्रय के लिए माल प्रेषित करता है और अपने कमीशन अभिकर्ता से प्राप्त मूपक 36 में विक्रय आगमों का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करता है वहां ऐसा मालिक मूपक 36 और मूपक 36-क के अनुसार अपने कर दायित्व का उन्मोचन करेगा।

(3) जहां अभिकर्ता यह दावा करता है कि वह अपने मालिक द्वारा उसे विक्रय के लिए प्रेषित माल के संबंध में अधिनियम के अधीन कर का संदाय करने का दायी नहीं है वहां यह साबित करने का भार अभिकर्ता पर होगा कि ऐसे माल के संबंध में कर मालिक द्वारा संदत्त कर दिया गया है, और इस प्रयोजन के लिए वह निर्धारण प्राधिकारी के समक्ष मालिक द्वारा प्ररुप मूपक 35 में जारी किये गये प्रेषण टिप्पण के साथ उसके द्वारा प्ररुप 36 में जारी किये गये विक्रय आगम के प्रमाणपत्र और ऐसे विक्रय के संबंध में कर के निक्षेप के सबूत में मालिक द्वारा जारी किया गया प्ररुप मूपक 36-क प्रस्तुत करेगा।

(4) जहां निर्धारण प्राधिकारी का ऐसी जांच करने के पश्चात्, जो वह आवश्यक समझे, यह समाधान हो जाता है कि प्ररुप मूपक 35, 36 और 36-क में के प्रमाणपत्र की विशिष्टियां और अंतर्वस्तु सही है वहां वह कमीशन अभिकर्ता के दावे को स्वीकार करेगा।''

(ii) विद्यमान उप-नियम (5) के पश्चात् निम्नलिखित नया उप-नियम (6) जोड़ा जायेगा, अर्थात्:-

''(6) खाली घोषणा प्ररुप मूपक 36 और मूपक 36-क, 25(पच्चीस) घोषणा प्ररुपों से युक्त प्रत्येक पुस्तिका के लिए 50/- रु0 की राशि का सरकारी खजाने/प्राधिकृत बैंक या निर्धारण प्राधिकारी या प्राधिकृत अधिकारी के कार्यालय में संदाय कर निर्धारण प्राधिकारी या प्राधिकृत अधिकारी से अभिप्राप्त किये जायेंगे।''

6. नियम 39 का संशोधन.- उक्त नियमों के नियम 39 के उप-नियम (3) में, विद्यमान अभिव्यक्ति ''कार्यालय में मांगदेय ड्राफ्ट प्राप्त होता है या चैक भुनाया जाता है'' के स्थान पर अभिव्यक्ति ''या कोई मांग देय ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक/चैक भुनाया जाता है'' प्रतिस्थापित की जायेगी।

7. नियम 44 का संशोधन.- उक्त नियमों के नियम 44 में, विद्यमान अभिव्यक्ति ''राज्य सरकार धारा 77 के अधीन किसी जांच-चौकी विशेष या विनिर्दिष्ट क्षेत्र के लिए संविदा के आधार पर राज्य में कर संग्रहण करने के लिए आयुक्त को निदेश दे'' के स्थान पर अभिव्यक्ति ''आयुक्त धारा 77 के अधीन किसी जांच-चौकी

विशेष या विनिर्दिष्ट क्षेत्र के लिए संविदा के आधार पर राज्य में कर सग्रहण करने के लिए अनुज्ञा दे'' प्रतिस्थापित की जायेगी।

8. नियम 53 का संशोधन.- उक्त नियमों के नियम 53 में, जहां कहीं भी विद्यमान अभिव्यक्ति ''सशक्त अधिकारी'' आयी हो उसके स्थान पर अभिव्यक्ति ''प्राधिकृत अधिकारी'' प्रतिस्थपित की जायेगी।

9. नियम 54 का संशोधन.- उक्त नियमों के नियम 54 के उप-नियम (1) में, विद्यमान अभिव्यक्ति ''सशक्त अधिकारी'' के स्थान पर अभिव्यक्ति ''प्राधिकृत अधिकारी'' प्रतिस्थापित की जायेगी।

10. नियम 81 का संशोधन.- उक्त नियमों के नियम 81 के उप-नियम (4) में, विद्यमान अभिव्यक्ति ''मूपक 15'' के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति ''मूपक 38'' के पूर्व अभिव्यक्ति ''मूपक 36, मूपक 36-क'' अन्तःस्थापित की जायेगी।

11. प्ररुप मूपक 10 का संशोधन.- उक्त नियमों से संलग्न प्ररुप मूपक 10 में,-

(i) खण्ड 3 में, विद्यमान अभिव्यक्ति ''कर कालावधि'' के स्थान पर अभिव्यक्ति ''विवरणी कालावधि'' प्रतिस्थापित की जायेगी;

(ii) खण्ड 4.2 में, विद्यमान अभिव्यक्ति ''कर कालावधि'' के स्थान पर अभिव्यक्ति ''विवरणी कालावधि'' प्रतिस्थापित की जायेगी;

(iii) खण्ड 13, 13.1 और 13.3 में, विद्यमान अभिव्यक्ति ''आस्थगन'' के स्थान पर अभिव्यक्ति ''आस्थगन/छूट'' प्रतिस्थापित की जायेगी;

(iv) खण्ड 13.6 में, विद्यमान अभिव्यक्ति ''आस्थगित'' हटायी जायेगी;

(v) अनुदेशों में क्र.स. 3 की प्रविष्टियां ''क'' और ''ख'' हटायी जायेगी।

12. प्ररुप मूपक 13 का संशोधन.- उक्त नियमों से संलग्न प्ररुप मूपक 13 में, विद्यमान खण्ड 1 के पश्चात् निम्नलिखित नया खण्ड 1-क अन्तःस्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

''1-क. कालावधि जिससे जानकारी सम्बन्धित है ----- से ------ तक''

13. प्ररुप मूपक 20 का संशोधन.- उक्त नियमों से संलग्न प्ररुप मूपक 20 में, विद्यमान अभिव्यक्ति ''प्रतिदाय के कारण'' के स्थान पर अभिव्यक्ति ''दावाकृत प्रतिदाय की रकम और उसके कारण'' प्रतिस्थापित की जायेगी।

14. प्ररुप मूपक 36 का संशोधन.- उक्त नियमों से संलग्न प्ररुप मूपक 36 के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

''प्ररूप मूपक-36

(नियम 22 और 37 देखिए)

कमीशन अभिकर्ता द्वारा मालिक को विक्रय आगमों का प्रमाणपत्र

क्रम सं. ..... प्रतिपर्ण/मूल/दूसरी प्रति

मालिक का ब्यौरा :

1. व्यवहारी का नाम .....

.....

2. रजिस्ट्रीकरण सं. (टिन) .....
3. पता भवन सं./नाम/क्षेत्र .....
क्षेत्र/सड़क .....
परिक्षेत्र/बाजार .....
पिनकोड .....
ई–मेल आई डी .....
दूरभाष सं. .....
फैक्स सं. .....

4. अभिकर्ता द्वारा विक्रीत माल का विवरण :

मूपक बीजक		माल का नाम	मूपक–35 द्वारा प्राप्त माल		थैलों या पैकेटों की मात्रा/सं.	वजन	दर	रकम (रु.)	व्यय (रु.)	मूपक
सं.	तारीख		सं.	तारीख						

(1) माल भाड़ा
(2) गौशाला
(3) अन्तरण प्रभार
(4) तुलाई प्रभार
(5) परिदान प्रभार
(6) मजदूरी
(7) गाड़ी भाड़ा
(8) अन्य प्रभार

योग :
कमीशन :
महायोग :

हस्ताक्षर

नाम :
हैसियत :

स्थान
तारीख

सत्यापन

मैं/हम सत्यापित करता हूँ/करते हैं कि इस प्ररूप और इसके संलग्नक में दी गयी सूचना मेरी/हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य और सही है तथा इसमें कुछ भी छिपाया नहीं गया है।

हस्ताक्षर

नाम :
हैसियत :

स्थान
तारीख

15. नया प्ररुप मूपक 36क का अन्तःस्थापन.- उक्त नियमों से संलग्न विद्यमान प्ररूप मूपक-36 के पश्चात् निम्नलिखित नया प्ररूप-36क जोड़ा जायेगा; अर्थात् :-

''प्ररूप मूपक - 36 क

(नियम 22 और 37 देखिए)

मालिक द्वारा अपने अभिकर्ता को कर निक्षेप के सबूत के रूप में जारी किया जाने वाला प्रमाणपत्र

क्रम सं.---------- प्रतिपर्ण/मूल/दूसरी प्रति

1. व्यवहारी का नाम
2. पता
   भवन सं./नाम/क्षेत्र
   नगर/शहर
   जिला (राज्य)
   पिनकोड ई-मेल आई डी
   दूरभाष सं. फैक्स सं.
3. (क) अभिकर्ता का नाम
   (ख) रजिस्ट्रीकरण सं. (टिन)
   (ग) पता
   (घ) भवन सं./नाम/क्षेत्र
   (ङ) नगर/शहर
   (च) पिनकोड ई-मेल आई डी
   (छ) दूरभाष सं. फैक्स सं.
4. कमीशन अभिकर्ता द्वारा विक्रीत माल का विवरणः-

क्र. सं.	मूपक 36 का क्र.स.	तारीख	विक्रय आगम (रु. में)	कर दायित्व का प्रोद्भूत होना (रु. में)	कर दायित्व का उन्मोचन (रु. में)		तारीख और लेखा पन्ना सं.
					आ क मु का दावा करके, यदि प्रयोज्य हो (रु. में)	कर की रकम जमा कराके	

हस्ताक्षर

नाम

हैसियत

सत्यापन

मैं/हम सत्यापित करता हूँ/करते हैं कि उपर्युक्त स्तम्भ सं. 4 में दर्शाये गये विक्रय आगम मेरे/हमारे द्वारा नियमित लेखा पुस्तकों में अभिलिखित किया गया है/किये गये हैं और कमीशन अभिकर्ता के पास प्रोद्भूत कर दायित्व मेरे/हमारे द्वारा उन्मोचित किया गया है/किये गये हैं।

हस्ताक्षर

नाम

हैसियत

स्थान

तारीख

16. प्ररुप मूपक 48 का संशोधन.- उक्त नियमों से संलग्न प्ररुप मूपक 48 में, विद्यमान अभिव्यक्ति ''प्रयुक्त प्ररुप मूपक 47 का विवरण'' के स्थान पर अभिव्यक्ति'' आयात/प्रयुक्त प्ररुप मूपक-47 का विवरण'' प्रतिस्थापित की जायेगी।

17. प्ररुप 50 का संशोधन.- उक्त नियमों से संलग्न प्ररुप 50 में, विद्यमान अभिव्यक्ति ''प्रयुक्त प्ररुप मूपक 49'' के स्थान पर अभिव्यक्ति ''अन्तरराज्यिक विक्रय/प्रयुक्त प्ररुप मूपक-49 का विवरण'' प्रतिस्थापित की जायेगी।

[एफ.12(28)वित्त/कर/2007-149]
राज्यपाल के आदेश से,

(अरूण गुप्ता)
उप शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, 9 मार्च, 2007

एस.ओ.386.-राजस्थान स्थानीय क्षेत्रों में माल के प्रवेश पर कर अधिनियम, 1999 (1999 का राजस्थान अधिनियम सं. 13) की धारा 3 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, इस विभाग की (समय-समय पर यथा-संशोधित) अधिसूचना सं. एफ 12(14)एफडी/टैक्स/2006-137, दिनांक 08.03.2006 में, इसके द्वारा निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् :-

संशोधन

उक्त अधिसूचना से संलग्न सूची में :-

(1) विद्यमान क्र.सं. 14 और उसकी प्रविष्टियां हटायी जायेंगी; और

(2) विद्यमान क्र.सं. 57 और उसकी प्रविष्टयों के पश्चात् निम्नलिखित नया क्र.सं. और उसकी प्रविष्टियां जोड़ी जायेंगी, अर्थात् :-

''	58	पी पी/ एच डी पी ई वूवन फैब्रिक्स	4 ''

[एफ.12(28)वित्त/कर/2007-150]
राज्यपाल के आदेश से,

(अरूण गुप्ता)
उप शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, 9 मार्च, 2007

एस.ओ.387.-राजस्थान स्थानीय क्षेत्रों में माल के प्रवेश पर कर अधिनियम, 1999 (1999 का राजस्थान अधिनियम सं. 13) की धारा 9 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार इस विभाग की (समय-समय पर यथा-संशोधित) अधिसूचना सं. एफ.12(63)वित्त/कर/2005-160 दिनांक 31.3.2006 में इसके द्वारा निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात्:-

संशोधन

उक्त अधिसूचना से संलग्न सूची में,-

(1) विद्यमान क्र.सं. 8 और उसकी प्रविष्टियां हटायी जायेंगी; और

(2) विद्यमान क्र.सं. 48 और उसकी प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित नयी क्र.सं. और उसकी प्रविष्टियां जोड़ी जायेंगी, अर्थात्:-

''49 पी पी/ एच डी पी ई वूवन फैब्रिक्स''

[एफ.12(28)वित्त/कर/2007-151]
राज्यपाल के आदेश से,

(अरूण गुप्ता)
उप शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, 9 मार्च, 2007

एस.ओ.388.-राजस्थान स्थानीय क्षेत्रों में माल के प्रवेश पर कर अधिनियम, 1999 (1999 का राजस्थान अधिनियम सं. 13) की धारा 9 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया समीचीन है, ग्वार चाहे साबुत हो या खण्डित जिसमें दाल, चाहे परिष्कृत हो या नहीं, सम्मिलित है और ग्वार गम को उक्त अधिनियम के अधीन संदेय कर से 08.02.2007 से इसके द्वारा छूट देती है।

[एफ.12(28)वित्त/कर/2007-152]
राज्यपाल के आदेश से,

(अरूण गुप्ता)
उप शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, 9 मार्च, 2007

एस.ओ.389.-राजस्थान मनोरंजन और विज्ञापन कर अधिनियम, 1957 (1957 का राजस्थान अधिनियम सं. 24) की धारा 4 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस विभाग की अधिसूचना सं. एफ. 10 (14)एफ/टैक्स डिवी./97/पार्ट-112 दिनांक 14.01.2004 को अतिष्ठित करते हुए राज्य सरकार अधिसूचित करती है कि कर की दर किसी म्नोरंजन में प्रवेश के संदाय की 35 प्रतिशत होगी।

यह अधिसूचना दिनांक 1 अप्रेल, 2007 से प्रवृत्त होगी।

[एफ.12(28)वित्त/कर/2007-153]
राज्यपाल के आदेश से,

(अरूण गुप्ता)
उप शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, 9 मार्च, 2007

एस.ओ.390.-राजस्थान मनोरंजन और विज्ञापन कर अधिनियम, 1957 (1957 का राजस्थान अधिनियम सं. 24) की धारा 7 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इस विभाग की (समय-समय पर यथा-संशोधित) अधिसूचना सं. एफ. 4(4)एफ.डी/टैक्स डिवी./99-249, दिनांक 13.11.1999 में इसके द्वारा निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात्:-

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, विद्यमान अभिव्यक्ति ''31.03.2007'' के स्थान पर अभिव्यक्ति ''31.03.2008'' प्रतिस्थापित की जायेगी।

[एफ.12(28)वित्त/कर/2007-154]
राज्यपाल के आदेश से,

(अरूण गुप्ता)
उप शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, 9 मार्च, 2007

एस.ओ.391.–रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1908 (1908 का केन्द्रीय अधिनियम 16) की धारा 5 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस संबंध में विद्यमान समस्त अधिसूचनाओं को अधिक्रमित करते हुए राज्य सरकार इसके द्वारा, उक्त अधिनियम के प्रयोजन के लिए जिलों/उपजिलों का गठन तथा उसकी सीमाओं का निर्धारण निम्नानुसार करती है; अर्थात् :–

क्र.सं.	जिला	उपजिला	रजिस्ट्रीकरण जिलों/उपजिलों की सीमायें
1	2	3	4
1	अजमेर	1. अजमेर	तहसील अजमेर
			तहसील ब्यावर
			तहसील भिनाय
			उप तहसील बिजयनगर
			तहसील केकडी
			तहसील किशनगढ़
			तहसील नसीराबाद
			उप तहसील पुष्कर
			तहसील सरवाड
			अति. तहसील टाटगढ़
			तहसील मसूदा
			तहसील पीसागन
			उप तहसील रूपनगढ़
2	अलवर	2. अलवर	तहसील अलवर
			उप तहसील बहादुरपुर
			तहसील बहरोड
			तहसील बानसूर
			उप तहसील गोविन्दगढ़
			तहसील किशनगढ़वास
			तहसील कठूमर
			तहसील लक्ष्मणगढ़
			उप तहसील मालाखेडा
			उप तहसील नीमराना
			उप तहसील रैणी
			तहसील राजगढ़
			तहसील रामगढ़
			उप तहसील टपूकडा
			तहसील थानागाजी
			तहसील मुण्डावर
			तहसील तिजारा,
			तहसील कोटकासिम
3	बांसवाडा	3. बांसवाडा	तहसील बागीदोरा तहसील बांसवाडा
			उप तहसील भूखिया तहसील गढ़ी
			तहसील घाटोल

			तहसील कुशलगढ़
			उप तहसील पीपलखूंट
			उप तहसील सज्जनगढ़
4	बांरा	4. बांरा	तहसील बांरा
			तहसील छीपाबडौद
			तहसील छबडा
			तहसील मांगरोल
			तहसील शाहबाद
			उप तहसील केलवाडा
			तहसील अटरू
			तहसील अन्ता
			तहसील किशनगंज
5	बाडमेर	5. बाडमेर	तहसील बाडमेर
			तहसील चौहटन
			तहसील गुडामालानी
			उप तहसील गडरारोड
			तहसील पंचपदरा
			तहसील शिव
			तहसील सिवाना
			तहसील बायतू
			तहसील रामसर
			उप तहसील गिडा
			उप तहसील जसोल
			उप तहसील सिन्धरी
			उप तहसील सेडवा
6	भरतपुर	6. भरतपुर	तहसील भरतपुर
			तहसील बयाना
			तहसील नदबई
			तहसील डीग
			तहसील कुम्हेर
			तहसील कांमा
			तहसील पहाडी
			तहसील रूपवास
			तहसील नगर
			तहसील वैर
			उप तहसील सीकरी
			उप तहसील उच्चेन
			उप तहसील भुसावर
7	भीलवाड़ा	7. भीलवाड़ा	तहसील आसीन्द
			अतिरिक्त तहसील बदनौर
			तहसील बनेडा
			तहसील भीलवाडा
			तहसील बिजौलिया
			उप तहसील हमीरगढ़
			तहसील हुरडा
			तहसील जहाजपुर
			अतिरिक्त तहसील करेडा
			तहसील कोटडी
			तहसील माण्डल

			तहसील माण्डलगढ़
			उप तहसील फुलियाकला
			तहसील रायपुर
			तहसील सहाडा
			तहसील शाहपुरा
8	बीकानेर	8. बीकानेर	तहसील बीकानेर
			उप तहसील बज्जू
			तहसील छत्रगढ़
			तहसील डूंगरगढ़
			तहसील कोलायत
			तहसील खाजूवाला
			तहसील लूणकरणसर
			तहसील नोखा
			तहसील पूंगल
9	बूंदी	9. बूंदी	तहसील बूंदी
			तहसील नैनवां
			तहसील हिण्डोली
			उप तहसील तालेडा
			तहसील केशोरायपाटन
			तहसील इन्द्रगढ़,
			उप तहसील देई
10	चित्तौड़गढ़	10. चित्तौड़गढ़	तहसील अरनोद
			तहसील बडीसादडी
			तहसील बैंगू
			तहसील भैसरोडगढ़
			उप तहसील भोपालसागर
			तहसील चित्तौडगढ़
			तहसील छोटीसादडी
			उप तहसील देवगढ़
			तहसील डूंगला
			तहसील गंगरार
			तहसील कपासन
			तहसील निम्बाहेडा
			उप तहसील पारसोली
			तहसील प्रतापगढ़
			तहसील राशमी
			तहसील भदेसर
			उप तहसील भादसोडा
11	चूरू	11. चूरू	अतिरिक्त तहसील बीदासर
			उप तहसील भानीपुरा
			तहसील चूरू
			तहसील राजगढ़
			तहसील रतनगढ़
			तहसील सरदारशहर
			तहसील सुजानगढ़
			उप तहसील सिद्धमुख
			तहसील तारानगर
12	दौसा	12. दौसा	तहसील दौसा
			तहसील सिकराय

			तहसील लालसोट
			तहसील महुवा
			तहसील बसवा
			उप तहसील लवाण
13	धोलपुर	13. धौलपुर	तहसील धौलपुर
			तहसील राजाखेडा
			उप तहसील मनियां
			तहसील सेपऊ
			तहसील बाडी
			तहसील बसेडी
			अतिरिक्त तहसील सरमथुरा
			उप तहसील कंचनपुरा
14	डूंगरपुर	14. डूंगरपुर	तहसील आसपुर
			तहसील डूंगरपुर
			तहसील सागवाडा
			तहसील सिमलवाडा
			उप तहसील गलियाकोट
			उप तहसील चिखली
15	हनुमानगढ़	15. हनुमानगढ़	तहसील हनुमानगढ़
			तहसील पीलीबंगा
			तहसील सांगरिया
			तहसील टिब्बी
			तहसील रावतसर
			तहसील नोहर
			तहसील भादरा
			उप तहसील छानीवडी
			उप तहसील पल्लू
			उप तहसील डबलीराठान
16	जयपुर	16. जयपुर	तहसील जयपुर
			तहसील आमेर
			तहसील विराटनगर
			तहसील बस्सी
			तहसील चाकसू
			तहसील चौंमू
			तहसील मोजमाबाद
			तहसील जमवारामगढ़
			उप तहसील किशनगढ़ रैनवाल
			उप तहसील कोटखांवदा
			तहसील कोटपूतली
			तहसील फागी
			तहसील सांभर
			तहसील सांगानेर
			तहसील शाहपुरा
			उप तहसील माधोराजपुरा
			उप तहसील दूदू
			उप तहसील कालवाड
17	जैसलमेर	17. जैसलमेर	तहसील जैसलमेर
			तहसील पोकरण
			तहसील फतेहगढ़

18	जालौर	18. जालौर	तहसील आहोर
			उप तहसील चीतलवाना
			उप तहसील भाद्राजून
			तहसील भीनमाल
			तहसील जालौर
			तहसील रानीवाडा
			तहसील सांचौर
			तहसील सायला
			तहसील बागोडा
19	झालावाड	19. झालावाड	तहसील झालरापाटन
			उप तहसील असनावर
			तहसील अकलेरा
			तहसील पचपहाड
			तहसील खानपुर
			तहसील पिडावा
			उप तहसील सुनेल
			तहसील गंगधार
			तहसील मनोहरथाना
